भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 900

दिनांक 23 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

.....

अटल भूजल योजना के तहत चयनित ब्लॉक

900. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अटल भूजल योजना (एबीवाई) के तहत चयनित ब्लॉकों की सूची का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना के तहत वर्ष-वार और राज्यवार कितनी निधि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(ग) क्या योजना के कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के लिए कोई प्रभाव का आकलन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पिछले पांच वर्षों के दौरान क्रियान्वयन से पहले और बाद में दर्ज किए गए भूजल स्तर का ब्लॉक-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) यदि नहीं, तो ऐसा प्रभाव आकलन कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; और

(च) क्या सरकार का अटल भूजल योजना (एबीवाई) के तहत नए ब्लॉकों को शामिल करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): समुदाय आधारित सहभागी भूजल प्रबंधन योजना, अटल भूजल योजना का कार्यान्वयन दिनांक 01.04.2020 से 15.10.2025 की अवधि के दौरान सात राज्यों यथा गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 80 जिलों के 229 ब्लॉकों की जल की कमी वाले 8,203 ग्राम पंचायतों में एक पायलट परियोजना के रूप में किया गया था। अटल भूजल योजना के अंतर्गत शामिल 229 ब्लॉकों की सूची **अनुलग्नक** में दी गई है।

(ख): अटल भूजल योजना एक परिणाम-आधारित कार्यक्रम (पीएफआर) थी, जिसके अंतर्गत संवितरण से जुड़े विभिन्न संकेतकों के आधार पर प्रतिभागी राज्यों के प्रदर्शन के अनुसार निधि का आवंटन किया गया था। इस योजना के अंतर्गत जारी/आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि का राज्य-वार विवरण (समाधान के अधीन) निम्नलिखित है:

(राशि - करोड़ रुपये)

राज्य	संवितरित निधि *	उपयोग की गई निधि
गुजरात	623.42	554.48
हरियाणा	729.81	729.66
कर्नाटक	960.30	960.11
मध्य प्रदेश	229.36	226.73
महाराष्ट्र	669.80	666.95
राजस्थान	514.84	513.60
उत्तर प्रदेश	273.26	270.68
कुल	4000.80	3922.21

*'वित्त वर्ष 2024-25 तक राज्यों को संवितरित निधि / वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान राज्यों के लिए निर्धारित सीमा' तथा 'योजना को केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) मॉडल 2 से ट्रेजरी सिंगल अकाउंट (टीएसए) मॉडल 1 में स्थानांतरित करने के लिए अप्रैल-मई 2025 के दौरान राज्यों द्वारा भारत की संचित निधि में जमा की गई निधि' का अंतर

(ग) से (ङ): भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा अटल भूजल योजना का समग्र प्रभाव आकलन अध्ययन किया गया है। इस योजना कार्यान्वयन क्षेत्रों में विस्तृत क्षेत्रीय सर्वेक्षणों और स्थानीय समुदायों के साथ बातचीत के आधार पर, इस अध्ययन ने योजना के कारण हुए महत्वपूर्ण बदलावों को रेखांकित किया है; जैसे क्षमता निर्माण और आईईसी गतिविधियों के माध्यम से भूजल के मुद्दों पर सामुदायिक जागरूकता में वृद्धि, भूजल प्रबंधन के क्षेत्र में नेतृत्व और निर्णय में महिलाओं की भागीदारी, सामाजिक समावेशिता, समग्र ज्ञान में वृद्धि तथा भूजल संरक्षण एवं जल प्रबंधन में भाग लेने के लिए समुदाय की तत्परता । इस रिपोर्ट की एक प्रति जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की वेबसाइट पर निम्नलिखित वेब-लिंक पर उपलब्ध है: https://www.jalshaktidowr.gov.in/static/uploads/2026/07/597fd8727a8d10641bd33d7d22ce0459.pdf

वर्ष 2023 से वर्ष 2025 के दौरान किए गए आकलन के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत शामिल 229 ब्लॉकों में से 180 ब्लॉकों के भूजल स्तर में सुधार देखा गया है, जिनकी सूची **अनुलग्नक** में दी गई है।

(च): अटल भूजल योजना एक निश्चित अवधि और परिव्यय के साथ तैयार किया गया एक पायलट कार्यक्रम था, जिसने समुदाय-केंद्रित भूजल प्रबंधन की प्रभावशीलता का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया है और एक ऐसा अनुकरणीय मॉडल प्रदान किया है जिसे अन्य राज्यों द्वारा भी कार्यान्वयन के लिए अपनाया जा सकता है।

*****

अनुलग्नक

"अटल भूजल योजना के तहत चयनित ब्लॉक" के संबंध में दिनांक 23.07.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 900 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

राज्य	ब्लॉकों की संख्या	योजना के अंतर्गत कवर किए गए ब्लॉक/तालुक का नाम	वर्ष 2023 से वर्ष 2025 के दौरान किए गए आकलन के अनुसार भूजल स्तर में सुधार दिखाने वाले ब्लॉक/तालुक	
			संख्या	ब्लॉक/तालुक का नाम
गुजरात	**36**	दांतीवाड़ा, दीसा, देवदार, धनेरा, कांकरेज, लखनी, पालनपुर, थराद, वडगाम, देहगाम, गांधीनगर, कलोल, मनसा, अंजार, भचाऊ, भुज, मांडवी, नखत्राणा, बेचराजी, जोताना, काड़ी, खेरालू, महेसाणा, सतलासाना, उंझा, वडनगर, विजापुर, विसनगर, चाणस्मा, पाटन, सरस्वती, सिद्धपुर, इदर, प्रांतिज, तलोद, वडाली	**31**	दांतीवाड़ा, दीसा, देवदार, कांकरेज, वडगाम, देहगाम, गांधीनगर, कलोल, मनसा, अंजार, भुज, मांडवी, नखत्राणा, बेचराजी, जोताना, काडी, खेरालू, महेसाणा, सतलासाना, उंझा, वडनगर, विजापुर, विसनगर, चनास्मा, पाटन, सरस्वती, सिद्धपुर, इदर, प्रांतिज, तलोद, वडाली
हरियाणा	**36**	बेहल, कैरू, लोहारू, तोशाम, बाढड़ा, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, टोहाना, फार्रुख नगर, गुड़गांव, पटौदी, सोहना, गुहला, राजौंद, करनाल, लाडवा, पिहोवा, शाहबाद, अटेली नांगल, कनीना, महेंद्रगढ़, नंगल चौधरी, नारनौल, हसनपुर, हथीन, होडल, पलवल, बापौली, समालखा, खोल एट रेवाड़ी, ऐलनाबाद, रानिया, जगाधरी, रादौर, सदौरा (भाग), सरस्वती नगर	**19**	तोशम, बल्लभगढ़, फार्रुख नगर, करनाल, लाडवा, शाहबाद, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी, नारनौल, हसनपुर, हथीन, होडल, पलवल, बापौली, ऐलनाबाद, जगाधरी, रादौर, साढौरा (भाग), सरस्वती नगर
कर्नाटक	**41**	बादामी, बागलकोट, अथानी, रामदुर्ग, देवनहल्ली, डोड्डाबल्लापुरा, होसकोटे, नेलमंगला, गुंडलुपेट, बागेपल्ली, चिक्काबल्लापुर, चिंतामणि, गौरीबिदानूर, गुडीबंदे, सिडलघट्टा, कदुर, चल्लकेरे, चित्रदुर्ग, हिरियुर, होलालकेरे, होसादुर्गा, चन्नागिरी,	**37**	बादामी, बागलकोट, अथानी, रामदुर्ग, देवनहल्ली, डोड्डाबल्लापुरा, नेलमंगला, गुंडलुपेट, बागेपल्ली, चिक्काबल्लापुर, चिंतामणि, गौरीबिदानूर, सिदलघट्टा, कदुर, चल्लकेरे, चित्रदुर्ग, हिरियूर, होलालकेरे, होसादुर्गा, जगलुरु, गडग,

		जगलुरु, गडग, रॉन, अर्सिकेरे, बांगरपेट, कोलार, मालूर, मुलबागल, श्रीनिवासपुर, कनकपुरा, रामनगर, चिक्कनायकनहल्ली, कोराटागेरे, मधुगिरी, सिरा, तिप्तूर, तुमकुरु, हगरीबोम्मनहल्ली, हरपनहल्ली		रॉन, अर्सिकेरे, बांगरपेट, कोलार, मलूर, मुलबगल, श्रीनिवासपुर, रामनगर, चिक्कनायकनहल्ली, कोराटागेरे, मधुगिरी, सिरा, तिप्तूर, तुमकुरु, हगरीबोम्मनहल्ली, हरपनहल्ली
मध्य प्रदेश	**9**	छतरपुर, नौगांव, राजनगर, पथेरिया, निवाड़ी, अजयगढ़, सागर, बल्देवगढ़, पलेरा	**9**	छतरपुर, नौगांव, राजनगर, पथेरिया, निवाड़ी, अजयगढ़, सागर, बल्देवगढ़, पलेरा
महाराष्ट्र	**43**	कर्जत, रहटा, संगमनेर, चांदुरबाजार, मोर्शी, वरुद, मलकापुर, मोटाला, अमलनेर, परोला, रावेर, यावल, घनसावंगी, जालना, परतूर, चाकुर, लातूर, निलंगा, रेनापुर, शिरूर अनंतपाल, काटोल, नरखेड, देवला, नासिक, सिन्नर, ओमेरगा, उस्मानाबाद, बारामती, इंदापुर, पुरंदर, जाथ, कवथेमहंकल, खानापुर-वीटा, मिराज, तासगांव, खटाव, महाबलेश्वर, मान, वाई, माधा, मालशिरस, मोहोल, पंढरपुर	**39**	कर्जत, रहटा, संगमनेर, चांदुरबाजार, मोर्शी, वरुद, मलकापुर, मोटाला, अमलनेर, परोला, रावेर, यावल, घनसावंगी, जालना, परतूर, रेनापुर, शिरूर अनंतपाल, काटोल, नरखेड, देवला, नासिक, सिन्नर, ओमेरगा, उस्मानाबाद, बारामती, इंदापुर, पुरंदर, जाथ, कवथेमहंकल, खानापुर-वीटा, मिराज, तासगांव, खटाव, मान, वाई, माधा, मालशिरस, मोहोल, पंढरपुर
राजस्थान	**38**	अजमेर ग्रामीण, पीसांगन, श्रीनगर, राजगढ़, अटरू, बारां, शाहपुरा, चित्तौड़गढ़, बैजूपाड़ा, बांदीकुई, बसवा, दौसा, लवाण, नांगल राजावतान, सिकंदरा, धौलपुर, सैपऊ, हनुमानगढ़, संगरिया, टिब्बी, आमेर, गोविंदगढ़, जालसू, जैसलमेर, मोहनगढ़, नाचना, खानपुर, खेतड़ी, हिंडौन, श्री महावीर जी, सांगोद, अजीतगढ़, नीम का थाना, पाटन, राजसमंद, चौथ का बरवाड़ा, खंडार, सवाई माधोपुर	**29**	अजमेर ग्रामीण, पीसांगन, श्रीनगर, राजगढ़, अटरू, बारां, शाहपुरा, चित्तौड़गढ़, बैजूपाड़ा, बसवा, दौसा, लवाण, सिकंदरा, धौलपुर, सैपऊ, संगरिया, आमेर, मोहनगढ़, खेतड़ी, हिंडौन, श्री महावीर जी, सांगोद, अजीतगढ़, नीम का थाना, पाटन, राजसमंद, चौथ का बरवाड़ा, खंडार, सवाई माधोपुर

उत्तर प्रदेश	**26**	बागपत, पिलाना, बड़ोखर खुर्द, जसपुरा, महुवा, नरैनी, तिंदवारी, कर्वी, मानिकपुर, मऊ, रामनगर, मौदहा, मुस्करा, सरीला, सुमेरपुर, बबीना, मऊरानीपुर, तालबेहट, चरखारी, जैतपुर, कबरई, पनवारी, खरखौदा, रजपुरा, बुढ़ाना, कांधला	**16**	बागपत, पिलाना, महुवा, नरैनी, तिंदवारी, मानिकपुर, मौदहा, मुस्करा, सरीला, सुमेरपुर, बबीना, चरखारी, जैतपुर, खरखौदा, रजपुरा, बुढ़ाना
कुल	**229**		**180**	

*****